लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने श्री अरुण जेटली को अंतिम विदाई दी।

नई दिल्ली, 25 अगस्त 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दिल्ली स्थित निगम बोध घाट पर श्री अरुण जेटली को नम आँखों से अंतिम विदाई दी।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने भारतीय राज्यतंत्र और राष्ट्र निर्माण पर श्री जेटली की गहन छाप को याद किया, जिसने न केवल शासन के मूल सिद्धांतों को परिभाषित किया, बल्कि आम आदमी के जीवन को भी प्रभावित किया। श्री बिरला ने कहा कि अरुणजी एक महापुरुष थे जिनकी प्रेरणादायी और बौद्धिक उपस्थिति देश के लिए एक अमूल्य संपत्ति थी। श्री बिरला ने आगे कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में वे एक ऐसे राजनीतिक दिग्गज के रूप में उभरे जिन्होंने राजनीतिक विभेद से परे सभी की श्रद्धा और विश्वास अर्जित किया। श्री जेटली को संवेदनशीलता और उन महत्वपूर्ण मुद्दों की गहरी समझ के लिए भी जाना जाएगा जो राष्ट्र के रूप में हमारे सामने आते हैं। श्री बिरला ने कहा कि उनके निधन से देश ने एक योग्य बेटे को खो दिया है, जिनकी याद हमेशा भावी पीढ़ी के उन नेताओं और अन्य लोगों को प्रेरित करेगी जो राष्ट्र निर्माण में एक उद्देश्यपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं।

इस अवसर पर माननीय उपराष्ट्रपति श्री ऍम. वेंकैया नायडु, वरिष्ठ मंत्री, संसद सदस्य, अन्य गणमान्य व्यक्ति और विशाल संख्या में लोग उपस्थित थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और देश के वरिष्ठ राजनेता श्री अरुण जेटली, जिन्होंने दिल्ली के AIIMS में 24 अगस्त को अंतिम सांस ली थी, के निधन से सम्पूर्ण राष्ट्र शोकाकुल है ।

LOK SABHA SPEAKER PAYS HIS LAST RESPECT TO SHRI ARUN JAITLEY

New Delhi, 25 August 2019: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla paid his last respect to Shri Arun Jaitley at the Nigam Bodh Ghat in Delhi today.

On this occasion, Shri Birla recalled Shri Jaitley's profound imprint on Indian statecraft and nation building, which not only defined the basic tenets of governance but also impacted the lives of the common man. Shri Birla said that Arunji was a colossus whose inspirational and intellectual presence was an invaluable asset for the country. A political giant, who earned reverence and trust across the political divides, Shri Jaitely will also be known for his sensitivity and incisive understanding of issues that face us as a nation. Shri Birla said that in his sad demise, the nation has lost a worthy son whose memory will always inspire the future generations of those leaders and others who want to play a purposive role in nation building.

Vice-President of India Shri M. Venkaiah Naidu, Union Ministers, Members of Parliament, dignitaries and a large number of people were present on this occasion.

The entire nation is in a state of mourning at the demise of former Union Minister and senior politician Shri Arun Jaitley, who breathed his last in AIIMS, Delhi yesterday.